दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 12 नवम्बर 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# जख्मों पर मरहम

सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसले से संकट में फंसे रियल एस्टेट को उबारने तथा बिल्डरों व डेवलपरों की धोखाधड़ी का शिकार हुए लाखों खरीददारों को राहत देने की मुहिम को हरी झंडी दिखायी है। इसके लिए 25 हजार करोड़ का वैकल्पिक निवेश कोष बनाया गया है, जिसमें सरकार दस हजार करोड़ का निवेश करेगी और सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी तथा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पंद्रह हजार करोड़ देंगे। इस वैकल्पिक कोष से ऋण देते समय मध्यम आय वर्ग वाली किफायती आवासीय परियोजनाओं को वरीयता दी जायेगी। निःसंदेह सरकार द्वारा उठाये गये इस कदम से घर का सपना लेकर दर-दर की ठोकरें खाने वाले लाखों खरीददारों को राहत मिलेगी, जो मोटी रकम खर्च करने के बावजूद घर नहीं पा सके थे। दरअसल, ये लोग लाखों रुपये लगाने के बावजूद बिल्डरों-डेवलपरों की धोखाधड़ी के चलते घर का हक न पा सके थे। वहीं सरकार की मंशा यह भी है कि वैकल्पिक कोष बनाये जाने से सुस्त पड़े रियल एस्टेट को गति देने में मदद मिलेगी। जहां निर्माण उद्योग से जुड़े विभिन्न कारोबारों को गति मिलेगी, वहीं रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। सही मायनों में अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। कहीं न कहीं यह रियल एस्टेट क्षेत्र में सुस्त पड़ी मांग को बढ़ाने की भी कवायद है। मगर, यहां सरकार को आत्ममंथन करने की जरूरत है कि व्यवस्था में वे कौन से छिद्र हैं, जिसके जरिये बिल्डर व डेवलपर खून-पसीने की कमाई से मकान बनाने की जुगत में लगे लोगों को चूना लगा जाते हैं? क्या रेरा के अस्तित्व में आने के बाद इस प्रवृत्ति में किसी सीमा तक अंकुश लग पाया है? बहरहाल, अच्छी बात यह है कि सरकार संकटग्रस्त रियल एस्टेट कारोबार को संबल देने आगे आयी है, जिसके सार्थक परिणाम आने वाले दिनों में नजर आ सकते हैं।

इसके अलावा घर का सपना देख रहे लोगों को सहारा देने के लिए सरकार ने जो वैकल्पिक निवेश कोष गठित किया है, उसमें उदारता दिखायी है। कोष से उन अधूरी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भी ऋण दिया जायेगा, जिनके बिल्डर एनपीए के मामलों में लिप्त रहे हैं। यानी जिन्हें बैंकों ने गैर-निष्पादित परिसंपत्ति घोषित किया है, साथ ही वे जो दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। मगर इसके लिये जरूरी है कि लाभ उठाने वाली परियोजनाओं का रेरा के अंतर्गत पंजीकरण हो। सरकार की मंशा है कि कुल सोलह सौ आवासीय परियोजनाओं से जुड़े करीब साढ़े चार लाख लोगों को जल्दी से जल्दी घर की चाबी मुहैया करायी जा सके, जिसके अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से धन मुहैया कराकर अधर में लटकी परियोजनाओं को अंतिम रूप देने में तेजी लायी जा सकेगी। उन परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जायेगी जो निर्माण के अंतिम चरण में अटकी हुई हैं। सरकार की मंशा है कि एक विशेष रूप से खोले गए बैंक खाते यानी एस्क्रो अकाउंट के जरिये कई चरणों में आवासीय योजनाओं को पूरा करने के लिए ?धन मुहैया कराया जाये। सरकार ने इस प्रक्रिया में सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि उपलब्ध कराये गये धन का उपयोग निर्माण कार्य को पूरा करने में किया जाये।

# रसायन उद्योग 2025 तक दो गुना होकर 300 अरब डालर का होगा



**मुंबई।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री सदानंद गौड़ा ने सोमवार को कहा कि इस क्षेत्र में अगले पांच साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 300 अरब डॉलर से अधिक का योगदान देने की क्षमता है। यह उद्योग इस समय 160 अरब डालर का योगदान कर रहा है तथा सरकार ने 2005 तक वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 5000 अरब डालर के स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि रसायन एवं उर्वरक क्षेत्र का अभी विनिर्माण उद्योग में योगदान करीब 7.76 प्रतिशत है। अगले पांच साल में यह क्षेत्र में दो गुना हो कर 304 अरब डॉलर तक पहुंच की क्षमता है। गौड़ा ने भारतीय रसायन उद्योग सम्मेलन में यहां कहा, ''सरकार ने 2025 तक देश को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। मेरा मानना है कि रसायन एवं उर्वरक क्षेत्र की इस दिशा में अहम भूमिका हो सकती है और जीडीपी में इसका योगदान मौजूदा 160 अरब डॉलर से बढ़कर 304 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।'' उन्होंने उद्योग जगत को हरसंभव समर्थन का भरोसा देते हुए सभी संबंधित पक्षों से इसकी क्षमता को पूरी तरह हासिल करने की दिशा में मेहनत से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यकीनन यह मुश्किल लक्ष्य नहीं है। मैं मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट हूं लेकिन मेरा मानना है कि सही नीतियों के कारण इसमें तेज वृद्धि की संभावनाएं हैं।'' गौड़ा ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय लगातार बढ़ रही है, ऐसे में मध्यम आय वाली आबादी एक बड़ा बाजार मुहैया कराती है। यह अनुमान है कि रसायन उद्योग अगले पांच साल के दौरान सालाना नौ प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा।''

# पेटीएम की प्रौद्योगिकी क्षेत्र के स्टार्टअप में 500 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** डिजिटल भुगतान सेवा देने वाली कंपनी पेटीएम ने कहा है कि उसने डिजिटल भुगतान परिवेश को व्यापक बनाने में सहायक पूरक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाले नये स्टार्टअप उद्यमों में 500 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनायी है। कंपनी व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित कर सकने वाले नवोन्मेष के लिये कृत्रिम मेधा आधारित प्रौद्योगिकी तथा बिग डेटा संबंधी समाधानों पर ध्यान देगी। पेटीएम ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''कंपनी की योजना डिजिटल क्षेत्र को बुनियादी रूप से मजबूत करने की वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों पर काम कर रही नयी स्टार्टअप कंपनियों में 500 करोड़ रुपये निवेश करने की है।'' उसने बयान में कहा कि वह इनसाइडर, नियरबाय, लॉगिनेक्स्ट, टिकट न्यू, हंगरबॉक्स, नाइटस्टे, क्यूआरक्यूएल और रिक्रूटरग्रिड जैसी सहायक प्रौद्योगिकियां तैयार करने वाली कंपनियों में सामान्यतः हर साल 200-250 करोड़ रुपये निवेश करती है।

# जियो ने 149 वाले प्लान में किया बदलाव-फ्री रहेगी कॉलिंग, घटा दी वैलिडिटी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रिलायंस जियो ने अपने 149 रुपये वाले प्रीपेड प्लान को अब ऑल-इन-वन सेक्शन में मूव कर दिया है, जहां कंपनी ग्राहकों को सारे फायदे देती है। अब इस प्लान में ग्राहकों को नॉन-जियो नेटवर्क पर कॉलिंग मिनट्स भी मिलेंगे, लेकिन प्लान की वैलिडिटी 28 दिनों की तुलना में घटाकर 24 दिन कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, अब ग्राहकों को इस प्लान में जियो से दूसरे नंबर पर कॉलिंग के लिए 300 मिनट्स मिलेंगे।

यानी 149 रुपये वाले प्लान के बारे मे विस्तार से बात करें तो अब इस प्लान में अनलिमिटेड जियो टू जियो कॉल्स, जियो से दूसरे नेटवर्क में कॉलिंग के लिए 300 मिनट्स, रोज 100 एसएमएस, रोज 1.5 जीबी डेटा और 24 दिनों की वैलिडिटी मिलेगी। साथ ही ग्राहकों को जियो ऐप्स का कॉम्पलिमेंट्री सब्सक्रिप्शन भी मिलेगा। इस प्लान को कंपनी की वेबसाइट पर लिस्ट किया गया है।

# दीपक चाहर का छक्का, भारत ने बांग्लादेश से 2-1 से जीती टी-20 सीरीज



**नागपुर।** भारत ने तीसरे और निर्णायक टी-20 इंटरनेशनल मैच में बांग्लादेश को 30 रनों से मात देकर तीन मैचों की टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में 5 विकेट गंवा कर 174 रन बनाए और बांग्लादेश को जीत के लिए 175 रनों का लक्ष्य दिया।

जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 10 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। भारत के लिए दीपक चाहर ने हैट्रिक सहित छह विकेट लिए। शिवम दुबे को तीन सफलताएं मिलीं। भारत के लिए दीपक चाहर ने सात रन देकर छह विकेट लिए। इसी के साथ वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

इसके अलावा, वह एक मैच में पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। चाहर के अलावा, शिवम दुबे ने तीन और युजवेंद्र चहल ने एक विकेट लिया। बांग्लादेश के लिए सबसे अधिक रन मोहम्मद नईम ने बनाए. नईम ने 81 रनों की पारी खेली। उनके अलावा, मोहम्मद मिथुन ने 27 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए चाहर ने इस मैच में सात रन देकर छह विकेट लिए।

# गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से मिली जीत: रोहित



**नागपुर।** बांग्लादेश को तीसरे और आखिरी ट्वंटी-20 मुकाबले में 30 रन से हराकर सीरीज पर कब्जा करने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने गेंदबाजों की सराहना करते हुए कहा है कि गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण ही टीम को जीत मिली है। भारत की ओर से तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने मात्र सात रन देकर छह विकेट झटके जिसकी मदद से भारत ने बांग्लादेश को हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली।

कप्तान ने मैच के बाद कहा, गेंदबाजों के कारण टीम को जीत मिली है। मुझे पता है कि मध्य ओवरों में ओस के कारण मुकाबला कठिन था। एक समय बांग्लादेश की स्थिति मैच में काफी अच्छी थी और हमारे लिए मुकाबला बेहद कठिन होता जा रहा था। टीम के लिए मैच में वापसी काफी शानदार रही।

रोहित ने कहा, टीम के खिलाड़ियों ने मुकाबले में अपनी जिम्मेदारी समझकर प्रदर्शन किया। मैं समझ सकता हूं कि जब विकेट नहीं गिर रहे होते हैं तो आपके लिए मुकाबले में टिकना कठिन हो जाता है और परिस्थिति आपके अनुकूल नहीं रहती है। लेकिन इसका श्रेय गेंदबाजों को जाता है।

# रोज एक्सरसाइज करें महिलाएं, बुढ़ापे में कम होगा फ्रैक्चर का खतरा



अच्छी सेहत के लिए फिजिकल एक्सरसाइज के फायदे तो आपने खूब सुने होंगे। आपको बता दें कि फिजिकल एक्टिविटी बुजुर्गों महिलाओं में फ्रैक्चर के खतरे को भी दूर करता है। एक स्टडी में फिजिकल एक्टिविटी और मेनोपॉज के बाद महिलाओं में होने वाले फ्रैक्चर का संबंध देखा गया। बता दें कि यह रिसर्च अमेरिका के बफेलो स्कूल ऑफ हेल्थ में की गई है।

इस स्टडी में रिसर्चर्स ने 77 हजार माहिलाओं को शामिल किया था। 14 सालों तक इनकी निगरानी की गई। इस स्टडी में पाया गया कि जो महिलाएं फिजिकली एक्टिव थीं या घर के काम करती थीं, उनमें हिप फ्रैक्चर का खतरा 18 प्रतिशत तक कम था। वहीं, टोटल फ्रेक्चर का खतरा 6 प्रतिशत कम था। इस स्टडी के लीड ऑथर का कहना है कि इससे पता चलता है कि फिजिकल एक्सरसाइज के कई फायदों में से एक फ्रैक्चर का कम खतरा होना भी है।बता दें कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में फ्रैक्चर काफी आम समस्या है। इससे उनकी आत्मनिर्भरता कम हो जाती है, उनकी शारीरिक क्षमता सीमित हो जाती है और मृत्यु दर भी बढ़ जाता है। ऐसे में इस स्टडी के परिणामों से कई महिलाओं को काफी फायदा मिल सकता है। पब्लिक हेल्थ के लिए यह एक महत्वपूर्ण रिसर्च है।

# कॉमिडी में माहिर थीं 90 के दशक की हिरोइनें: यामी गौतम



ऐक्ट्रेस यामी गौतम का कहना है कि 1990 के दशक की बॉलीवुड ऐक्ट्रेसेस को कॉमिडी करने में महारत हासिल थी। अपनी आने वाली फिल्म 'बाला' में यामी एक टिकटॉक स्टार की भूमिका में हैं जिसका नाम परी है। परी को 1990 के दशक के गानों पर परफॉर्म करना अच्छा लगता है। उस दौर के कुछ गानों के ऐतिहासिक पलों या दृश्यों को रीक्रिएट करना परी को बेहद पसंद है।

यामी ने कहा, '1990 के दशक की अभिनेत्रियां कॉमिडी में माहिर थीं और इसके बाद काफी लंबे समय तक इस स्टाइल में काम करने का किसी ने भी प्रयास नहीं किया क्योंकि जहां ये (90 के दशक की अभिनेत्रियां) थीं, उस शीर्ष तक पहुंचना आसान नहीं था, लेकिन अब पिछले दो सालों से कॉमिडी ने वापसी की है।' यामी ने आगे कहा, 'अमर (कौशिक) की आखिरी फिल्म 'स्त्री' इस बात का सबूत है कि कॉमिडी लेखन अब महज छोटे-मोटे या झट से कहे जाने वाले चुटकुलों से नहीं है। यह 90 के दशक की उन महिलाओं के प्रति मेरा सम्मान है जिनसे हम सभी ने सीखा है।'

## जॉन अब्राहम की फिल्म में रकुलप्रीत संग नजर आएंगे अर्जुन कपूर



ऐक्टर अर्जुन कपूर की फिल्म पानीपत का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म में वह कृति सेनन संग रोमांस करते नजर आएंगे। वह अब उन्होंने एक और फिल्म साइन की है, जिसमें उनका रोमांस रकुलप्रीत सिंह से होगा। फिलहाल इस फिल्म का नाम घोषित नहीं किया गया है लेकिन शूटिंग इसी महीने से शुरू हो रही है। इस फिल्म को काशवी नायर डायरेक्ट करेंगी, जबकि भूषण कुमार, निखिल आडवाणी और जॉन अब्राहम इसे प्रड्यूस करेंगे। फिल्म को पंजाब और लॉस एंजेलिस में शूट किया जाएगा। अर्जुन कपूर इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। कहा जा रहा है कि इसमें क्रॉस बॉर्डर रोमांस दिखाया जाएगा।

## आज का राशिफल

मेष- व्ययवृद्धि पर नियंत्रण नहीं रहेगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। आशा व निराशा के बीच तनाव व चिंता रहेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी तथा भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें।

वृष- रुका हुआ पैसा तथा पैसा वसूली में सफलता मिलेगी। मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यापार-व्यवसाय में लाभ वृद्धि होगी। घर-बाहर सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

मिथुन- तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत हो सकती है। किसी तीर्थ यात्रा का आयोजन हो सकता है। आर्थिक उन्नति हेतु विचार-विमर्श लाभकारी रहेगा। सामाजिक सेवा व दान-पुण्य के कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

कर्क- किसी धर्मस्थल की यात्रा-दर्शन आदि के सुयोग बनेंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। राजकीय व्यक्ति से परिचय बढ़ सकता है। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है।

सिंह- सेहत के बारे में लापरवाही भारी पड़ सकती है। काम करते समय किसी भी तरह की जल्दबाजी व लापरवाही न करें। वाहनादि के प्रयोग में सावधानी रखें। कुसंगति से बचें।

कन्या- घर-बाहर सब तरफ हर कार्य में सहयोग प्राप्त होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होगा। विवाह के इच्छुक व्यक्ति यों को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है।

तुला- किसी संपत्ति का सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। किसी कार्य की बाधा दूर होकर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। घर-बाहर वातावरण अनुकूल बनेगा।

वृश्चिक- किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। किसी पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है।

धनु- बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक और लाभ कम होगा। कार्यों की सफलता में शंका रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर- थोड़े प्रयास से कार्य पूर्ण होंगे। मित्रों व रिश्तेदारों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

कुंभ- मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। अच्छी खबरें मिलेंगी। आय बनी रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है।

मीन- अप्रत्याशित लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य की अनुकूलता रहेगी। किसी बड़े काम के लंबित प्रयास अब सफल रहेंगे।

# मखाने काजू की खीर बनाने की विधि



## आवश्यक सामग्रीः

- 1 लीटर दूध
- 1 कप मखाने
- 1 छोटा चम्मच घी
- 1 छोटा चम्मच चिरोंजी
- 10 काजू
- 10 बादाम
- 1 चम्मच इलायची पाउडर
- 1/4 कप चीनी

## विधिः

- सबसे पहले काजू और बादाम महीन-महीन काटकर अलग रख लें.
- मखानों को महीन-महीन काट लें और फिर मिक्सी में दरदरा पीस लें.
- अब एक भारी तली के पैन में घी गरम करें और उसमें मखानों को 1 मिनट के लिए भून लें.
- अब मखानों में दूध डालकर पहले उबाल के बाद आंच को धीमा कर दें.
- दूध को तब तक पकने दें जब तक कि मखाने पूरी तरह से गल जाएं.
- 5-7 मिनट के गैप में खीर को चलाते रहें ताकि वो तली में लगने न पाए.
- अब कटे हुए मेवे और चीनी को खीर में डालकर अच्छी तरह मिलाएं और 5 मिनट बाद इलायची पाउडर डालकर गैस बंद कर दें.
- मखाने की खीर तैयार है. इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें. चाहे तो इसे गर्म सर्व करें या फिर ठंडा होने के बाद परो


# शब्द सामर्थ्य- 41

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 40 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 41

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.40 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |